आकाशवाणी पोर्ट ब्लेयर

25.06.2024 समय : 1850

- अंडमान निकोबार द्वीपसमूह में पहली जुलाई से लागू होने जा रहे तीन नए आपराधिक कानूनों को लागू करने के लिए पुलिस विभाग पूरी तरह तैयार है।

- सांसद बिष्णु पद रे ने आज नई दिल्ली में केन्द्रीय सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी और नागरिक उड्डयन मंत्री राममोहन नायडू से मुलाकात कर द्वीपों के संबंध में चर्चा की।

- प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने उन्नीस सौ पचहत्तर में आपातकाल का विरोध करने वाले सभी लोगों को श्रद्धांजलि अर्पित की– द्वीपसमूह में भी प्रदेश भाजपा की ओर से आपातकाल की इस वेदना की स्मृति में काला दिवस मनाया गया।

- दक्षिण अंडमान पुलिस ने शहर के विभिन्न भागों में हुई चोरी की घटना में मुख्य आरोपी इरशाद आज़ाद नामक उनतीस वर्षीय एक युवक को गिरफ्तार किया है।

<><><><><><><>

अंडमान निकोबार द्वीपसमूह में पहली जुलाई से लागू होने जा रहे तीन नए आपराधिक कानूनों को लागू करने के लिए पुलिस विभाग पूरी तरह तैयार है। कल पोर्ट ब्लेयर में मीडिया से बात करते हुए उप–पुलिस महानिरीक्षक कानून और व्यवस्था वर्षा शर्मा ने कहा कि इन कानूनों के लिए मुख्य सचिव की अध्यक्षता में स्टीरिंग कमेटी का भी गठन किया गया है। उन्होंने कहा कि इन कानूनों के पांच प्रमुख स्तंभ है, जिसे लागू करने के लिए पुलिस तैयार है।

उप–पुलिस महानिरीक्षक ने कहा कि पन्द्रह वर्ष से कम और साठ साल से ऊपर के पुरूष या महिला या मानसिक व शारीरिक रूप से अक्षम लोग जिन्हें गंभीर बीमारी है, उन्हें गिरफ्तार करने से पहले वरिष्ठ अधिकारियों से इसकी अनुमति लेने का भी नए कानूनों मे प्रावधान किया गया है।

उन्होंने कहा कि नए कानूनों के बारे में जागरूकता उत्पन्न करने में मीडिया की अहम भूमिका है।

<><><><><><><>

सांसद बिष्णु पद रे ने आज नई दिल्ली में केन्द्रीय सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी से मुलाकात की और उन्हें दोबारा इस मंत्रालय का कार्यभार संभाले जाने पर बधाई दी। बातचीत के दौरान सांसद ने मध्योत्तर अंडमान ज़िले के अलावा पोर्ट ब्लेयर और द्वीपों के अन्य क्षेत्रों में सड़क की खराब स्थिति से उन्हें अवगत कराया। सांसद ने कहा कि इस बारे में विस्तृत रिपोर्ट तैयार की जा रही है और द्वीपों में सड़क की स्थिति से केन्द्रीय मंत्री के समक्ष जल्द ही रिपोर्ट प्रस्तुत की जाएगी। इससे पहले श्री बिष्णु पद रे ने नागरिक उड्डयन मंत्री राममोहन नायडू से मुलाकात कर द्वीपों में हवाई भाड़े की समस्या से भी अवगत कराते हुए पोर्ट ब्लेयर से नए हवाई मार्ग खोलने का अनुरोध किया। सांसद ने पोर्ट ब्लेयर और विशाखापत्तनम के बीच विमान सेवा में बढ़ोत्तरी करने, रात के समय विमान सेवा शुरू करने और अंतर्राष्ट्रीय विमान सेवा शुरू करने पर भी चर्चा की। सांसद ने कहा कि नागरिक उड्डयन क्षेत्र से जुड़ी समस्या और मांग को एक सप्ताह के भीतर उन्हें सौंपा जाएगा। दोनों केन्द्रीय मंत्रियों ने श्री बिष्णु पद रे को इस दिशा में कार्रवाई करने का आश्वासन दिया, ताकि द्वीपों की जनता की तकलीफों को दूर किया जा सके।

<><><><><><><>

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने उन्नीस सौ पचहत्तर में आपातकाल का विरोध करने वाले सभी लोगों को श्रद्धांजलि अर्पित की। एक सोशल मीडिया पोस्ट में, श्री मोदी ने कहा कि यह दिन याद दिलाता है कि कैसे कांग्रेस पार्टी ने बुनियादी स्वतंत्रता को नष्ट कर दिया और देश के संविधान को कुचल दिया। उन्होंने कहा कि तत्कालीन कांग्रेस सरकार ने सभी लोकतांत्रिक सिद्धांतों की अवहेलना की और देश को जेल बना दिया। उन्होंने कहा कि ये वही लोग हैं जिन्होंने अनेक मौकों पर अनुच्छेद 356 लगाया, प्रेस की स्वतंत्रता को नष्ट करने के लिए विधेयक लाए, संघवाद को नष्ट किया और संविधान के हर पहलू का उल्लंघन किया। अंडमान निकोबार द्वीपसमूह में भी प्रदेश भारतीय जनता पार्टी की ओर से आपातकाल की इस वेदना की स्मृति में काला दिवस मनाया गया। प्रदेश भाजपा अध्यक्ष अजय बैरागी ने आज पोर्ट ब्लेयर में मीडिया को जानकारी देते हुए बताया कि कांग्रेस अपने आप को सत्ता में बनाए रखने के लिए किसी भी सीमा तक जा सकती है और ये आपातकाल इसका जीता–जागता उदाहरण है। उन्होंने कहा कि आपातकाल में भारतीय संविधान का गला घोंटा गया। संविधान के साथ छेड़छाड़ की गई और प्रेस की आजादी छीन ली गई। पार्टी की उपाध्यक्षा शीला सिंह ने कहा कि कांग्रेस सरकार की निरंकुश और दमनकारी नीति के कारण देश को आपातकाल का सामना करना पड़ा। नसबंदी इस काले इतिहास की सबसे बड़ी गवाह है। भाजपा की ओर से आज शाम जुलूस निकाला गया और महाराष्ट्र मंडल में भी कार्यक्रम आयोजित कर युवा पीढ़ी को देश में जबरदस्ती थोपे गए आपातकाल और इसके दुष्परिणामों से अवगत कराया गया।

<><><><><><><>

दक्षिण अंडमान पुलिस ने शहर के विभिन्न भागों में हुई चोरी की घटना में मुख्य आरोपी इरशाद आज़ाद नामक उनतीस वर्षीय एक युवक को गिरफ्तार किया है और इसके पास से करीब चालीस लाख मूल्य के छः सौ ग्राम सोने की भी बरामदगी की है। पोर्ट ब्लेयर में आज मीडिया को जानकारी देते हुए ज़िला पुलिस अधीक्षक निहारिका भट्ट ने बताया कि सोलह से इक्कीस जून के बीच आभूषण चोरी की इस घटना में तीन एफ आई आर पहाड़गांव थाने में और एक एफ आई आर चाथम थाने में दर्ज की गई थी। सहायक पुलिस अधीक्षक विकास स्वामी के नेतृत्व में टीम का गठन किया गया और चोर को गिरफ्तार करने की तलाश तेज हो गई। पन्द्रह किलोमीटर के दायरे में सी सी टी वी फुटेज को खंगाला गया। खोजी कुत्ते का भी सहारा लिया गया। दो दिन पहले तेईस जून को चोर को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया गया, जहां से उसे तीन दिन की पुलिस रिमांड में भेजा गया। पुलिस अधीक्षक ने बताया कि जनवरी में भी इस युवक ने सोलह लाख रूपये के मूल्य की चोरी की घटना को अंजाम दिया था। फरवरी में इसकी गिरफ्तारी हुई थी। गिरफ्तार यह आरोपी शादीपुर का निवासी है और स्नातक तक इसने पढ़ाई भी की है। श्रीमती निहारिका भट्ट ने दुकानदारों से अनुरोध किया है कि वे नगदी आदि अपने दुकान पर न छोड़े।

<><><><><><><>

लांग आइलैंड में भारी वर्षा हुई। आज सुबह साढ़े आठ बजे तक इस क्षेत्र में एक सौ तेईस दशमलव सात मिलीमीटर वर्षा रिकॉर्ड की गई। पोर्ट ब्लेयर में बासठ दशमलव तीन, मायाबंदर में उनतालीस, हटबे में आठ दशमलव छः, वायु सेना केन्द्र कार निकोबार में पांच दशमलव छः और कार निकोबार में पांच मिलीमीटर वर्षा हुई। खराब मौसम और तेज हवाओं के कारण मछुआरों को सत्ताईस जून की सुबह तक समुद्र में न जाने की सलाह दी गई है।

<><><><><><><>